# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

13 सितंबर 2025, बरेली,


PAGE NO.- 05 : BOTTOM

# एसआरएमएस पैरामेडिकल कॉलेज में नई कमेटी गठित

**शपथ ग्रहण**

बरेली, मुख्य संवाददाता। श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में विद्यार्थियों के वाइब्रेंट क्लब की नई कमेटी का गठन हुआ। इसमें मदीहा खान को प्रेसीडेंट और समीर हुसैन को सेक्रेटरी की जिम्मेदारी दी गई।

कॉलेज के आडिटोरियम में शुक्रवार को नई कमेटी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, निदेशक आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, पैरामेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जसप्रीत कौर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिवांक चौधरी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

फिर वाइब्रेंट क्लब के निवर्तमान प्रेसिडेंट गौरव कार्की ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। इसके बाद मदीहा खान को नई कमेटी के प्रेसीडेंट पद की शपथ दिलाकर अन्य पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं।




एसआरएमएस पैरामेडिकल कॉलेज में नई कमेटी का गठन।